## इंदौर वन परिक्षेत्र में सफेद और देशी प्रजाति के गिद्ध मिले

- 4 स्थानों पर 10 गिद्ध दर्ज, एक भी घोंसला नहीं मिला



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना-2026 के तहत वन विभाग की टीमों ने पहले दिन इंदौर वन परिक्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सर्वे किया, जिसमें 10 गिद्ध दर्ज किए गए. खास बात यह रही कि सभी गिद्ध वयस्क पाए गए और किसी भी स्थान पर घोंसले नहीं मिले. यह गणना रविवार तक चलेगी.

गणना के पहले दिन शुक्रवार को वन विभाग द्वारा तिल्लोर, पेडमी, चिखली और भजकिया क्षेत्रों में गणना की गई. इसमें तिल्लोर में 2, पेडमी में 3, चिखली में 2 और भजकिया क्षेत्र में 3 गिद्ध दर्ज किए. इनमें अधिकांश सफेद (इजिप्शियन) प्रजाति के गिद्ध रहे, जबकि भजकिया में देशी प्रजाति के गिद्ध पाए गए. गणना के दौरान किसी भी स्थान पर अवयस्क गिद्ध नहीं मिले और न ही चट्टान या पेड़ों पर कोई घोंसला दिखाई दिया. इससे संकेत मिलता है कि क्षेत्र में गिद्धों की प्रजनन गतिविधि फिलहाल नजर नहीं आई है.

### पारिस्थितिकी संतुलन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं गिद्ध

डीएफओ लाल सुधाकर सिंह ने बताया कि गिद्धों की गणना उनके संरक्षण और वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए की जा रही है. उन्होंने कहा कि गिद्ध पारिस्थितिकी संतुलन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं और उनके संरक्षण के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है. उन्होंने बताया कि गणना के विस्तृत आंकड़ों के आधार पर आगे संरक्षण की रणनीति तैयार की जाएगी, ताकि गिद्धों के सुरक्षित आवास और संख्या में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके.

## इंदौर से उज्जैन जा रहे बाइक सवार भाई-बहन से लूट का प्रयास

- रॉन्ग साइड का बहाना बनाकर रोका और बैग छीनने की कोशिश की
- विरोध करने पर महिला को डंडे से पीटा

**इंदौर. सांवेर थाना क्षेत्र में देर रात एक गंभीर वारदात सामने आई है, जहां इंदौर से उज्जैन जा रहे बाइक सवार भाई-बहन को दो अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में घेर लिया. बदमाशों ने पहले तो रॉन्ग साइड चलने का झूठा बहाना बनाकर विवाद खड़ा किया और फिर रुपयों से भरा बैग छीनने की कोशिश की. जब भाई-बहन ने इस लूट का कड़ा विरोध किया, तो बदमाशों ने महिला पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया.**

### चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों को आता देख भाग गए बदमाश

रात के सन्नाटे में आवाज सुनकर आसपास के खेतों और गांवों के लोग लाठियां लेकर मौके की तरफ दौड़े. ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख बदमाश समझ गए कि वे घिर चुके हैं. भागने की हड़बड़ी में एक बदमाश ने पास ही पड़ा भारी डंडा उठाया और नसीम बी के सिर पर दे मारा. डंडे का वार इतना तेज था कि नसीम बी लहूलुहान होकर वहीं सड़क पर गिर पड़ीं. बदमाश वारदात के बाद अपनी बाइक से इंदौर की तरफ भाग निकले. ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल नसीम बी को तत्काल उज्जैन के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है.

महिला के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं. गनीमत रही कि चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े, जिन्हें देखकर आरोपी भाग निकले. सांवेर पुलिस के मुताबिक, वारदात सांवेर रोड पर स्थित बारह मील के पास हुई. महिदपुर जिला उज्जैन निवासी फरियादी शकील पिता सलीम ने थाने में केस दर्ज कराया है. शकील ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बहन नसीम बी पति हफीज, निवासी उज्जैन के साथ मोटरसाइकिल से इंदौर से उज्जैन की ओर जा रहे थे. वे जैसे ही बारह मील क्षेत्र से गुजरे, तभी पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने उनकी गाड़ी के आगे अपनी मोटरसाइकिल अड़ाकर उन्हें जबरन रोक लिया.

फरियादी ने पुलिस को बताया कि गाड़ी रोकते ही बदमाशों ने उन पर चिल्लाते हुए आरोप लगाया कि, तुम लोग रॉन्ग साइड क्यों चल रहे हो? शकील ने जब इसका प्रतिवाद किया, तो बदमाश गाली-गलौज पर उतर आए. देखते ही देखते बदमाशों ने शकील के साथ मारपीट शुरू कर दी और उनके पास रखे रुपए व कीमती सामान का बैग छीनने की कोशिश की. भाई-बहन ने हिम्मत दिखाते हुए बैग नहीं छोड़ा और शोर मचाना शुरू कर दिया.

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

- एम्बुलेंस नहीं मिली, लोडिंग वाहन से
- पहुंचाया अस्पताल

**इंदौर. खुड़ैल थाना क्षेत्र के 7 मिल के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी. इस दर्दनाक हादसे में एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद मौके पर एम्बुलेंस नहीं मिलने के कारण घायलों को लोडिंग वाहन से अस्पताल ले जाना पड़ा.**

पुलिस के अनुसार, मृतक रामकिशन पिता नानकराम उम्र 19 साल निवासी पालदा अपने एक साथी के साथ बाइक पर सवार होकर लौट रहा था. जैसे ही उनकी बाइक 7 मिल खुड़ैल के पास पहुंची, तभी एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया.

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतक के जीजा अनिल ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे.

उन्होंने घायल रामकिशन और उसके साथी को अस्पताल पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस का इंतजाम करने की कोशिश की, लेकिन काफी देर तक एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं हो सकी. गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों ने समय गंवाए बिना दोनों घायलों को एक लोडिंग वाहन में लादा और तत्काल अस्पताल लेकर भागे.

अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद रामकिशन को मृत घोषित कर दिया, वहीं उसके साथी का गंभीर हालत में इलाज जारी है. खुड़ैल थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है.

## दानिश खान ने साजन बनकर नाबालिग छात्रा को फंसाया

- आरोपी के खिलाफ रेप और पॉक्सो का केस दर्ज
- सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद इंदौर ले आया
- पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को किया गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर आरोपी साजन उर्फ दानिश खान के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया है. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है.**



उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी दानिश खान छत्तीसगढ़ के बलरामपुर निवासी दसवीं कक्षा की छात्रा को बहला-फुसला कर 20 मई को इंदौर लेकर आया था. दोनों दिनभर शहर में घूमते रहे, इसके बाद रात में आरोपी छात्रा को कुलकर्णी भट्टा क्षेत्र के एक खाली स्थान पर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया. अगले दिन रेलवे स्टेशन पर दोनों के बीच विवाद हो गया और आरोपी द्वारा छात्रा के साथ मारपीट की गई.

मौके पर मौजूद लोगों द्वारा छात्रा से पूछताछ करने पर पूरे घटनाक्रम की जानकारी सामने आई, जिसके बाद उसे थाने पहुंचाकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई. पुलिस ने उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी दानिश उर्फ साजन को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है.

### सोशल मीडिया पर हुई थी दोस्ती

एडिशनल डीसीपी, जोन-2 अमरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों के बीच सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क हुआ था. यह जान-पहचान दोस्ती में बदल गई. आरोपी द्वारा अपनी पहचान छिपाकर छात्रा को झांसे में लिया और बहला-फुसलाकर अपने साथ इंदौर ले आया था. छात्रा की शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस आरोपी के मोबाइल और सोशल मीडिया गतिविधियों की तकनीकी जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसने इस तरह की हरकत पहले भी कहीं की है क्या?

## एक नजर में

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर.** गौतमपुरा क्षेत्र में एक 21 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक का नाम विजय उम्र 21 साल पिता जगदीश निवासी बाग मोहल्ला, गौतमपुरा बताया गया है. परिजनों ने पुलिस को बताया कि विजय ने शाम को परिवार के साथ खाना खाया और कमरे में सोने चला गया था. सुबह बहन उसे जगाने पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था, आवाज लगाने पर भी उसने दरवाजा नहीं खोला. जब बहन ने खिड़की से देखा तो वह फंदे पर लटका मिला. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

### श्री रामचरित मानस के 201 अखंड पाठ की पूर्णाहुति



**महू/बेटमा.** नगर में पहली बार आयोजित 201 श्री रामचरित मानस अखंड रामायण पाठ का शुक्रवार को हवन, आरती एवं महाप्रसादी के साथ समापन हुआ. मां क्षिप्रा अन्न क्षेत्र समिति मध्य मालवा एवं श्रीराम जानकी गौशाला परिवार के संयुक्त तत्वावधान में बदीपुरा बालाजी मंदिर स्थित गौशाला परिसर में गुरुवार को शुरू हुआ यह दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान दिन-रात अनवरत चला. शुक्रवार दोपहर 12 बजे बाद इसकी पूर्णाहुति हुई. आयोजन के दौरान मंच से हो रहे संगीतमय रामायण पाठ की लय में लय मिलाते हुए श्रद्धालुओं ने 201 रामायण पर सामूहिक पाठ किया. समापन पर मुख्य यजमान ताराचन्द खंडेलवाल एवं संयोजक मोहनसिंह सुमेर ने सपत्नीक हवन में आहुतियां डालीं. पूर्णाहुति के बाद हुई आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. इस अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध भागवताचार्य पं. रोहिताश्व पाठक अटावदा वाले, बदीपुरा बालाजी मंदिर के पुजारी पं. अनिल दुबे सहित साधु-संत उपस्थित रहे. इस अवसर पर लंबे समय तक पाठ करने वाले श्रद्धालुओं को सम्मानित भी किया गया. महाप्रसादी के साथ अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ. दो दिवसीय आयोजन में नगर व ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे.

### आत्मा का परमात्मा में एकाकार होना ही रासलीला : विपुल कृष्ण



**महू.** कोदरिया में पुरषोत्तम मास में चल रही भागवत कथा सुनने दूर-दूर से श्रद्धालु आ रहे हैं. शुक्रवार को पं. विपुल कृष्ण जी महाराज बड़गोंदा वाले ने रास पंचध्यायी कथा को विस्तारपूर्वक सुनाया और रास का अर्थ बताया कि जीव और ईश्वर का मिलन ही रास है. 84 लाख योनियों में मनुष्य योनी में ही हम भगवान को प्राप्त कर सकते हैं. भगवत प्राप्ति के साधन जैसे कथा श्रवण, सत्संग, पूजन आदि इसी योनी में हो सकता है. आत्मा का परमात्मा से मिल जाना ही रास है. उद्धव प्रसंग सुनाते हुए महाराज जी ने बताया कि उद्धव ज्ञान के अवतार हैं और गोपियां प्रेम की अवतार हैं, गोपियों की कृष्ण के प्रति भक्ति देखकर उद्धव का ज्ञान घमंड खत्म हो गया था, इसलिए भगवान की प्राप्ति गोपी बनकर सहज रूप से हो सकती है. कथा में कृष्ण रुकमणी मंगल की कथा भी सुनाई गई, जिसे सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए. जैसे ही कृष्ण जी की बारात आई, पूरा पंडाल कृष्णमय हो गया. महाराज जी के सुमधुर भजनों पर भक्त झूम उठे. व्यास पीठ का पूजन कैलाश पांडे, विजय नवलखा, विजय भूत, रतन शर्मा, पवन शर्मा आदि ने किया.

## कानून व्यवस्था पर कड़ाई जरूरी, पर जनता से अभद्रता बर्दाश्त नहीं

नव भारत न्यूज

**इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र स्थित ग्रीन पार्क कॉलोनी में आयोजित पुलिस जनसंवाद में डीसीपी ने स्पष्ट कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों पर सख्ती जरूरी है, लेकिन आम नागरिकों के साथ किसी भी तरह की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, वहीं उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए.**

गुरुवार रात आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में डीसीपी जोन-4 सुनील मेहता, एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल, एसीपी शिवेंदु जोशी और थाना प्रभारी तिलक करोले मौजूद रहे. कार्यक्रम की शुरुआत समाजसेवी शादाब पटेल, शकील खान और डॉ. एमयू खान द्वारा स्वागत से हुई, जिसके बाद अधिकारियों ने सीधे रहवासियों से संवाद किया. संवाद के दौरान क्षेत्र में बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था और चौराहों पर नशेड़ियों के जमावड़े की समस्या प्रमुखता से उठाई गई. रहवासियों ने बताया कि असामाजिक तत्वों के कारण महिलाओं और बच्चों का निकलना मुश्किल हो रहा है. इस पर डीसीपी ने संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल और लगातार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए.

बैठक में आगामी बकरा ईद को लेकर भी चर्चा हुई. रहवासियों ने सड़कों पर लगने वाली दुकानों से ट्रैफिक जाम और कुर्बानी के बाद अवशेषों के निपटान का मुद्दा उठाया. इस पर समाजसेवी शादाब पटेल ने दुकानों को मुख्य सड़कों से हटाकर एक तय स्थान पर व्यवस्थित लगाने और स्वच्छता के लिए निजी खर्च से दो विशेष वाहन लगाने की जिम्मेदारी ली, जिसकी अधिकारियों ने सराहना की. कार्यक्रम का संचालन सैयद जाफर अली ने किया, जबकि आभार सरफराज अंसारी ने माना. बैठक में आदिल सईद, मिर्जा जाहिद बेग, इमरान मेमन, शहजाद बाबा, हुजैफा हाटपिपल्या वाला, मुस्तकीम देहलवी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासी उपस्थित रहे.

### गोपनीय शिकायत पेटी भी लगाई

क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए डीसीपी द्वारा एक गोपनीय शिकायत पेटी भी स्थापित कराई गई है, जिसमें नागरिक जुआ, सट्टा या नशे से जुड़ी जानकारी गुप्त रूप से दे सकेंगे. सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी. एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में अपराधियों और नशे के सौदागरों पर नकेल कसने के लिए लगाई गई गोपनीय शिकायत पेटी सीधे डीसीपी कार्यालय में खोली जाएगी, जिससे सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह सुरक्षित रहेगी और कार्रवाई सीधे वरिष्ठ स्तर से होगी.

## बीमार भाई से मिलने इंदौर आए शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. खंडवा जिले के पुनासा में कार्यरत एक शिक्षक की इंदौर में अपने बेटे के घर पर अचानक हार्ट अटैक आने से मौत हो गई. शिक्षक अपने बीमार छोटे भाई की तबीयत देखने और उनसे मिलने के लिए इंदौर आए थे.**

मृतक अशोक पिता मोतीलाल उम्र 56 साल निवासी पुनासा जिला खंडवा पेशे से शिक्षक थे. इंदौर के भंडारी अस्पताल में उनके छोटे भाई गंभीर बीमारी के चलते भर्ती हैं. भाई के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिलने के बाद अशोक उनकी देखरेख और मुलाकात के लिए खंडवा से इंदौर आए थे. अस्पताल में भाई से मिलने के बाद शिक्षक अशोक कुमार इंदौर के स्कीम नंबर 134, खजराना स्थित अपने बेटे के निवास पर रुके हुए थे. इसी दौरान अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठा और तबीयत बिगड़ने लगी. परिजन जब तक उन्हें संभालते और चिकित्सीय सहायता मुहैया कराते, उन्हें साइलेंट हार्ट अटैक आ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने पर खजराना थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है.

## लॉरेंस गैंग के नाम पर बिल्डर से वसूली केस में 6 गिरफ्तार

- 25 हजार का इनामी एक आरोपी फरार
- गुजरात से वर्चुअल नंबर से किए थे कॉल, मोबाइल की तलाश

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** बिल्डर विवेक दम्मानी को लॉरेंस गैंग के नाम पर धमकी देकर वसूली के मामले की जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने गुजरात में बैठकर वर्चुअल नंबर के जरिए कॉल किए थे. पुलिस अब उस मोबाइल की तलाश में जुटी है, जिससे धमकी दी गई थी.

क्राइम ब्रांच की एसआईटी इस मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है. कुछ को जेल से रिमांड पर लिया, जबकि अन्य को टीम ने अलग अलग जगहों से पकड़ा. जांच में सामने आया कि राजपालसिंह चंद्रावत, कुलदीप और सचिन शर्मा ने गुजरात में बैठकर पूरी साजिश रची थी. राजपालसिंह और सचिन जेल भेजे जा चुके हैं, जबकि कुलदीप फिलहाल पुलिस रिमांड पर है. खरगोन में फायरिंग करवाने वाले देवास के एक आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है, जिस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित है. पुलिस का मानना है कि धमकी देने में इस्तेमाल मोबाइल बरामद होने के बाद नेटवर्क से जुड़े और लोगों के नाम सामने आ सकते हैं. इसके लिए कुछ अन्य आरोपियों को भी रिमांड पर लेने की तैयारी की जा रही है.

## पुलिस पर हमले के चार आरोपियों को 1-1 साल की सजा

- कोर्ट ने आरोपियों पर 1000-1000 रुपए जुर्माना भी लगाया
- मारपीट रोकने गई पुलिस टीम पर किया था हमला

**इंदौर.** मारपीट की घटना में बीच-बचाव करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला करने वाले चार आरोपियों को न्यायालय ने 1-1 वर्ष के सश्रम कारावास और 1000-1000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है. फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सूर्यपाल सिंह राठौर ने थाना पंढरीनाथ के प्रकरण में सुनाया.

अभियोजन के अनुसार, घटना 11 जनवरी 2010 की है, जब पंढरीनाथ चौराहे पर चार युवक एक व्यक्ति के साथ बेसबॉल डंडे, सरिया और लात-घूंसों से मारपीट कर रहे थे. सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने जब बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया. हमले के दौरान आरोपी प्रकाश ने पीएसआई देवेन्द्र मरकाम के सिर पर बेसबॉल के डंडे से वार किया. इसके बाद आरोपियों ने अन्य पुलिसकर्मियों के साथ भी झूमाझटकी की. मौके पर मौजूद लोगों की मदद से चारों को पकड़कर थाने लाया गया. मामले में राजकुमार, राजेंद्र, सुभाष और प्रकाश कुरील निवासी इंदौर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच के बाद चालान पेश किया. सुनवाई के दौरान धारा 307 नहीं बनने पर मामला मजिस्ट्रेट कोर्ट में भेजा, जहां विचारण के बाद सभी आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई गई. प्रकरण में शासन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजय प्रताप सिंह बुंदेला और पंकज सिंह बघेल ने पैरवी की.

एक नजर में

**चुनाव के दौरान विरोधी उम्मीदवार को वोट देने का खामियाजा भुगत रहे, बूंद-बूंद पानी को तरसते त्रिवेणी नगर गली नंबर 3 के रहवासी**

## आसपास की गलियों में टैंकर से दिया जा रहा पानी, पर 3 नंबर गली में नहीं दे रहे

**इंदौर.** भीषण गर्मी के चलते शहर में गंभीर जल संकट पैदा हो गया है. कई क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है. हालांकि नगर निगम द्वारा शहर के अधिकांश क्षेत्रों में नर्मदा लाइन के बावजूद कम प्रेशर और दूषित पानी आने की हर जगह से शिकायतें हैं. वहीं, वार्डों में लगे बोरिंग सूखने से स्थिति और गंभीर हो गई है. नगर निगम टैंकरों से आपूर्ति नहीं कर पा रही है. परिणामस्वरूप निजी टैंकर से दोगुनी दर पर लोगों को पानी खरीदना पड़ रहा है. इससे लोगों में भारी नाराजगी है.

वार्ड क्रमांक 64 के चितावर क्षेत्र स्थित त्रिवेणी नगर की गली नंबर तीन में पानी की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है. क्षेत्र में नर्मदा पाइपलाइन से एक दिन छोड़कर केवल आधे घंटे पानी की आपूर्ति हो रही है और वह भी दूषित. ऐसे पानी के उपयोग से लोगों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है. भीषण



गर्मी के बावजूद इस वर्ष क्षेत्र में नगर निगम का एक भी पानी का टैंकर नहीं पहुंचा, जबकि आसपास की अन्य गलियों में नियमित रूप से टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है. नगर निगम के इस पक्षपातपूर्ण रवैये का कारण जानने पर पता चला कि नगर निगम के चुनाव में यहां के लोगों ने विरोधी पार्टी के उम्मीदवार को वोट दिए, इस कारण उन्हें यह खामियाजा भुगतना पड़ रहा है.

यहां के रहवासी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं. रहवासियों के अनुसार, क्षेत्र में लगा सरकारी बोरवेल भी लंबे समय से खराब पड़ा है, जिसकी मरम्मत नहीं कराई गई. पानी की कमी के कारण लोगों को अपनी दैनिक जरूरतें पूरी करने के लिए करीब डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित पानी की टंकी से पानी लाना पड़ रहा है. स्थानीय नागरिकों ने निगम प्रशासन से शीघ्र स्थायी समाधान और पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि गर्मी के मौसम में उन्हें राहत मिल सके.


### क्षेत्र में होस्टल बहुत हैं



गली में दो टैंकर पहुंचते हैं. दिक्कत यह है कि क्षेत्र में होस्टल बहुत हैं और हर घर में दो हज़ार लीटर पानी देना संभव नहीं है. जून-जुलाई में वार्ड में टंकी का निर्माण किया जाएगा, जिससे पानी की सप्लाई में आसानी होगी.


**- मनीष शर्मा मामा, पार्षद**

### यह बोले रहवासी...




एक दिन छोड़कर कभी 15 मिनट तो कभी आधा घंटा नर्मदा का पानी आता है. कई बार तो दो-चार दिन तक नल नहीं आते, पानी की इतनी कम सप्लाई के कारण परिवार की पूर्ति नहीं होती.

**- प्रेमा पाल**




जितनी देर भी नल से पानी आता है, पूरी तरह से गंदा और बदबूदार गटर के पानी की तरह का होता है. ऐसा पानी पीकर हम तो मर जाएंगे, कोई सुनता नहीं. नलों से केवल नाम करने के लिए पानी छोड़ते हैं.

**- लक्ष्मी बाई साल्वे**



पूरी गली पानी के लिए तरस रही है, ना नल से ना हीं टैंकर से पानी मिल रहा. क्षेत्र में सरकारी बोरिंग लगा हुआ है, लेकिन पिछले कई समय से खराब पड़ा है. डेढ़ किमी दूर स्थित पानी की टंकी से पानी लाना पड़ रहा है.

**- प्रीति वर्मा**



सभी जिम्मेदारों को पता है, हमारी गली में पानी की किल्लत है. पूरी गर्मी में एक बार भी पानी का टैंकर हमारे तरफ नहीं आया, जबकि आसपास की गलियों में बराबर पहुंच रहा है. हमारी गली में टैंकर क्यों नहीं भेजा जा रहा, सब जानते हैं.

**- शीला साल्वे**